हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 20 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 कंवर समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख की घोषणा




## खबर संक्षेप

### एनडीआरएफ टीम द्वारा अमवार डेम में मॉक अभ्यास आज

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार के जारी वार्षिक कैलेंडर 2025-26 के तहत देश के सभी जिलों में जिला स्तरीय मॉक अभ्यास आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में एनडीआरएफ मुंडली की टीम के द्वारा 20 जनवरी को विकासखंड रामचंद्रपुर के सनावल क्षेत्रांतर्गत अमवार डेम में प्रातः 10:30 बजे से मॉक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज को निर्धारित मॉक अभ्यास स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु प्राक्चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी

**अंबिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (।) अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थी जो नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओ से वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने हेतु इच्छुक है, उनसे ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। जिसकी प्राक्चयन परीक्षा 28 दिसंबर 2025 को आयोजित कर मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड की गई है। मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किये जाने वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची एवं कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दस्तावेज सत्यापन हेतु तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें 27 जनवरी को 11 बजे से 4 बजे तक अनुसूचित जनजाति, 28 जनवरी को समय 11 बजे से 4 बजे तक अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु निर्धारित है। दस्तावेज सत्यापन नवा रायपुर अटल नगर में इन्द्रावती भवन के तृतीय तल में मीटिंग हॉल क्र-04 में होगा। आवश्यक दस्तावेजों में प्राक्चयन परीक्षा का प्रवेश पत्र, कक्षा 10वीं की अंकसूची, स्नातक की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों हेतु आय प्रमाण पत्र एवं नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित स्वघोषणा प्रमाण पत्र।

### विभागीय परीक्षा 27 से 3 फरवरी तक

**अंबिकापुर।** विभागीय परीक्षा माह जनवरी 2026 का आयोजन 27 जनवरी से 03 फरवरी तक परीक्षा केंन्द्र शासकीय बहुउद्देशीय सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय, अम्बिकापुर के कक्ष क्रमांक-04 में किया गया है। विभागीय परीक्षा माह में भाग लेने वाले अधिकारी निर्धारित तिथि व नियत स्थान पर विभागीय परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं।

### ग्रामीण ने थाने में कराया रिपोर्ट दर्ज तो रिश्तेदार ने की मारपीट

**अम्बिकापुर।** थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने से नाराज हुए रिश्तेदार ने ग्रामीण की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बंजा शारदापारा निवासी रामशरिमन साहू ने पुलिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को पुत्र के साथ आलू बाड़ी में पानी पटाने गए थे तभी चचेरा भाई संजय, राजेश व चाचा भगवान दास मौके पर पहुंचे और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। जिस पर पिता-पुत्र वापस घर आ गए। शाम को तीन पुनः उसके घर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराने की बात को लेकर विवाद करने के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख परिजन ने बीच बचाव किया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 331 (2), 296(बी), 351(3), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# विक्षोभ के प्रभाव से ठंड से राहत, पारा पहुंचा सामान्य के निकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में लगातार सक्रिय हो रहे पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से अब कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। मौसम विज्ञानी आगे भी पारा में वृद्धि का क्रम जारी रहने एवं विक्षोभ के कमजोर पड़ने से बाद एक बार फिर पारा में गिरावट होने के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

■ विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर होगा शीतलहर से सामना

पूरे दिसंबर कंपकपाने के बाद जनवरी में शुरुआत से ही शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रारंभ में दो दिन पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई थी जबकि शुरुआत से ही पूरे पखवाड़े न्यूनतम पारा 5 डिग्री के नीचे बना रहा है। इस दौरान लगातार तापमान सामान्य से नीचे रहने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। इस बीच पश्चिमोत्तर की शीतलहर चलने के कारण 11 जनवरी को न्यूनतम पारा सामान्य से 3.3 डिग्री नीचे पहुंच गया था। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से दिन में ठंड से राहत मिल रही थी। पूरे दिन चली सर्द हवाओं के प्रभाव से 5 एवं 6 जनवरी को दिन का तापमान सामान्य से नीचे 17.1 डिग्री पहुंच गया था जबकि 15 जनवरी को अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था इधर 15 जनवरी को उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद पिछले तीन दिनों से दिन एवं रात के तापमान में क्रमशः वृद्धि का क्रम जारी है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। दिन के अच्छी धूप निकलने के कारण खुले में आज गर्मी महसूस हुई वहीं न्यूनतम पारा में वृद्धि होने के कारण सुबह शाम पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से राहत है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी पारा में कुछ वृद्धि होने एवं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

### बढ़ेगी बादलों की आवाजाही

उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ 15 जनवरी से सक्रिय है जबकि दूसरा विक्षोभ सोमवार को सक्रिय हुआ है। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में 21 जनवरी को तीसरे विक्षोभ के पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे है। एक के बाद एक क्रमशः तीन पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में वर्षा एवं बर्फबारी होने की संभावना जताई जा रही है। विक्षोभ के 24 जनवरी तक प्रभावी रहने की संभावना जताई जा रही है। इसके प्रभाव से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ कोहरा छाने एवं विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर एक बार फिर पारा में गिरावट होने के साथ ही पॉकेट में शीतलहर चलने की संभावना जताई जा रही है। सोमवार को आसमान पर उपरी स्तर के हल्के बादल देखे गए। आगामी दिनों में बादलों की आवाजाही बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

#### बदलेगी हवा की दिशा

मौसम में आए बदलाव के कारण दिसम्बर के पूर्व से ही लगातार चल रही पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह में सोमवार को पहली बार बदलाव देखा गया। इस दौरान पहली बार दिन में पश्चिम एवं दक्षिण पश्चिम की हवाएं चलीं। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले दिनों में हवा की दिशा बदलने के साथ ही ठंड से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

### जारी रहेगा उतार चढ़ाव

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में उतार चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इस दौरान उत्तर एवं पूर्व भारत में वर्षा एवं बर्फबारी होने एवं विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद पॉकेट में शीतलहर चलने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी

## नगर निगम ने सील की 8 दुकानें, बाकी को भी नोटिस जारी

# 5 सालों से नहीं पटाया प्रतीक्षा बस स्टैंड में दुकानों का किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रतीक्षा बस स्टैंड में ली गई दुकानों का किराया नहीं पटाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। ननि की राजस्व टीम ने कुल आठ दुकानों को सील कर दिया है। दुकान संचालकों ने पिछले 4-5 सालों से दुकान का किराया नहीं जमा किया था। लगातार नोटिस जारी करने के बाद भी कोई भुगतान नहीं करने पर ननि ने यह कार्रवाई की है।

**खास बात**

■ लगातार नोटिस के बाद भी नहीं किया गया भुगतान

बता दें कि नगर निगम ने शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में दुकानों का निर्माण कराने के साथ ही इनकी नीलामी की गई थी। इस दौरान दुकान संचालकों ने दुकान लेने के बाद प्रीमियम राशि का भुगतान तो कर दिया लेकिन विगत 4-5 सालों से संचालक किराए का भुगतान नहीं कर रहे थे। प्रतीक्षा बस स्टैंड में इन दुकानों का किराया लगभग दो से ढाई हजार रुपए है लेकिन किराया भुगतान नहीं होने से लगातार किराया में वृद्धि होती गई। इस दौरान नगर निगम द्वारा दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर किराया जमा करने के निर्देश दिए गए लेकिन दुकान संचालक व्यवसाय करते रहे और किराया का भुगतान नहीं किया। ऐसे में ननि सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने वर्षों से किराया भुगतान नहीं करने वालों को अंतिम चेतावनी देने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिसके बाद ननि आयुक्त डीएन कश्यप के निर्देश पर सोमवार को ननि की राजस्व विभाग की टीम प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंची थी। इस दौरान राजस्व अधिकारी निलेश केरकेट्टा, सहायक राजस्व अधिकारी विजय कुजूर, शशांक दुबे, शिवेंद्र बहादुर सिंह ने प्रतीक्षा बस स्टैंड की आठ दुकानों को सील कर दिया है।



दुकान को सील करते ननि के राजस्व अधिकारी।

### 10 लाख रुपए से अधिक बकाया

बड़ी बात यह है कि जिन दुकान संचालकों के खिलाफ ननि की टीम ने कार्रवाई की है उनपर नगर निगम का दस लाख रुपए से अधिक का बकाया है। लगातार नोटिस के बाद भी जब भुगतान नहीं किया गया तो टीम कार्रवाई करने पहुंची। इस दौरान दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने मौके पर ही दुकानों का पंचनामा तैयार कर दुकानों को सील कर दिया है। नगर निगम का कहना है कि अब दुकानों के किराए का भुगतान करने के बाद ही सील खोला जाएगा और दुकान संचालन की अनुमति दी जाएगी।

### चल रही है कार्रवाई

वर्षों से दुकान किराया जमा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। संचालक 4-5 सालों से किराया जमा नहीं कर रहे है। किराया भुगतान करने के बाद ही अब दुकान खोलने की अनुमति दी जाएगी।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर ननि

## 3 करोड़ के बिजली बिल घोटाले में चार साल बाद एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

चार साल पहले बिजली विभाग में हुए बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले में पांच में से एक आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। शेष बचे चार आरोपी आज भी पुलिस कि गिरफ्त से बाहर है और चैन की नींद सो रहे है। इस बहुचर्चित बिजली घोटाले में लगभग तीन करोड़ रुपए की गड़बड़ी की गई थी।

विदित हो कि बिजली विभाग में सन 2019 से 2021 तक विद्युत वितरण केंद्र सीतापुर पेटला एवं मैनपाट में बिजली बिल में हेराफेरी करते हुए करोड़ो के घोटाले को अंजाम दिया गया था। विगत दो सालों में बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर बिजली बिल के आड़ में 2 करोड़ 94 लाख 29 हजार 4 सौ 82 रुपये का घोटाला किया था। इस बात की भनक जब उच्चाधिकारियों को हुई तब उन्होंने इस घोटाले के विरुद्ध विभागीय जांच कराई। जांच में यह साबित हो गया कि इस घोटाले को तात्कालिक सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार पन्ना, कार्यालय सहायक गणेश सिंह, अरविंद सागर, लाइनमैन सुनील केरकेट्टा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत खलखो करोड़ो का हेरफेर किया था। विभागीय जांच रिपोर्ट आने के बाद करोड़ो रुपए के घोटाले में शामिल इन पांचों के विरुद्ध 19 जनवरी 2021 को थाने में मामला दर्ज कराया गया था। अपराध दर्ज होते ही इस बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले के सभी आरोपी कथित तौर पर फरार चल रहे थे जबकि इसमे से एक सहायक अभियंता संभवतः कोरिया जिले में अपनी सेवाएं दे रहे है। वही गणेश सिंह बलरामपुर एवं अरविंद जशपुर जिले में अपनी सेवाएं दे रहे है।



■ चार अब भी है फरार

कमाल की बात ये है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद चार साल तक बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले की फाइल थाने में आराम फरमाते रही। चार सालों में पुलिस करोड़ो के बिजली बिल घोटाले में शामिल पांच आरोपियों का पता ठिकाना तक नही तलाश पाई। थाने में लंबित प्रकरणों के निपटारे का दबाव के बाद आखिरकार चार साल बाद इस घोटाले की फाइल खुली। फाइल खुलते ही इस मामले में चार साल बाद पहली गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने धारा 120बी एवं 409 के तहत थाना प्रभारी अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने लाइनमैन सुनील कुमार केरकेट्टा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में संलिप्त अन्य चार आरोपी अभी भी फरार है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि करोडों रुपये के बिजली बिल घोटाले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है, बाकी अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बस हादसे के घायलों से मुलाकात



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मरीजों से मिलने सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने हादसे में घायल ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना व उनके उपचार की स्थिति की जानकारी ली। वहीं बलरामपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव ने भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल व बलरामपुर जिला अस्पताल में पहुंचकर घायलों से उनका कुशलक्षेम जाना।

मेडिकल कॉलेज में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने स्वास्थ्य कर्मियों को कहा कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा गंभीर रूप से घायल मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। तथा उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में मानवता और संवेदनशीलता सर्वोपरि है, और प्रत्येक घायल तक हरसंभव सहायता पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस हृदयविदारक हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि घायलों के समुचित उपचार और मृतक परिवारों को हरसंभव राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान जनमेजय मिश्रा, संतोष दास, कमलेश, तिवारी , गोल्डी बिहाड़े, अभय साहू, निशांत सिंह शोलू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कड़ी मशक्कत कर फायर बिग्रेड ने पाया काबू

## चाय बनाने के दौरान घर व मुर्रा फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अम्बिकापुर/दरिमा।** थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब तेज धमाके के साथ जगन्नाथ गुप्ता के घर एवं पोहा फैक्ट्री में आग की ऊंची लपटें निकलने लगी। सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तब तक आग से घर के सारे सामान जलकर खाक बन चुके थे।

बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह ग्राम खजुरी निवासी जगन्नाथ गुप्ता की पत्नी बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी। जगन्नाथ ने पत्नी को बाहर के दरवाजे की कुंडी बंद करते हुए बच्चों को स्कूल जाने के लिए कहा। पत्नी घर के दरवाजे की कुंडी बंद कर बच्चों को लेकर स्कूल चली गई। इस दौरान जगन्नाथ गुप्ता रसोई घर में गैस सिलेंडर चालू कर चाय बनाने लगा। इस दौरान अचानक रसोई घर में आग लग गई। जगन्नाथ ने आग बुझाने का काफी कोशिशे की लेकिन आग नहीं बुझी तथा धीरे-धीरे आग फैलने लगी। बाहर निकलने का रास्ता बंद होने के कारण वह किसी तरह छलांग लगाकर खिड़की से बाहर निकल शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे एवं आग बुझाने की कोशिशें करने लगे। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर फटने का तेज धमाका हुआ कि आग पूरे घर एवं घर से सटे मुर्रा फैक्ट्री में फैल गई तथा घर एवं फैक्ट्री के फर्नीचर, घरेलू सामान, मुर्रा, चावल, उपकरण सहित अन्य सामान धू-धू कर जलने लगे। गैस सिलेंडर के धमाके से कच्चे मकान का कुछ हिस्सा भी गिर गया।



सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रसोई घर में आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### मकान निर्माण में हुआ कर्ज पटाने दिया वारदात को अंजाम

# बैंक से घर लौट रहे ग्रामीण से लूट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बैंक से घर लौट रहे ग्रामीण से 30 हजार रुपए की लूट के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की रकम 24 हजार रुपए भी बरामद किया है। आरोपी ने अपने मकान निर्माण सहित अन्य कार्यों से हुए कर्ज को पटाने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर हुन्ड्रालता निवासी कईलाराम 16 जनवरी को जिला सहकारी बैंक से 30 हजार रुपए निकालकर अपने गमछे में बांधकर साइकिल के सामने टोकरी में रख दिया था और वापस लौट रहा था। इस दौरान शाम 4.30 बजे तेंदूपारा हुन्ड्रालता के समीप हेलमेट लगाए हुए बाइक सवार युवक ने ग्रामीण को रुकवाकर किसी मोनू के घर की जानकारी पूछने लगा और शादी विवाह के लिए लड़की खोजने की बात करते हुए ग्रामीण का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा था। इसी बीच आरोपी साइकिल में रखे रुपए व पासबुक को लेकर अचानक ही भाग निकला। रुपए लेकर भाग रहे आरोपी का ग्रामीण ने शोर मचाते हुए पीछा भी किया इसी दौरान ग्रामीण के पड़ोसी ने बाइक से पीछा कर लुटेरे के बाइक का नंबर देख लिया। बैंक से निकाले गए 30 हजार रुपए की लूट के मामले में ग्रामीण ने बाइक क्रमांक सीजी 13 एएफ 8278 के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस घटना की सूचना के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजपुर बरियों के खजुरी मंदिरपारा निवासी 35 वर्षीय विकास गुप्ता आ. ऋषि कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मकान के निर्माण व अन्य कार्यों से हुए उधारी को पटाने के लिए उसने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी से 24 हजार रुपए नगद घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। इसके साथ ही आरोपी ने शेष रकम खर्च होने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 304(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि रामचंद्र गुप्ता आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू,रामाशंकर यादव, अनिल सिंह सक्रिय रहे।



## इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल में सरगुजा ने हासिल किया तृतीय स्थान

**सरगुजा।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम ने ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट बेहतर प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया है। गोरखपुर में आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट (2025–26) में सरगुजा की खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की। पूरी प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि टीम की खिलाड़ी रिमझिम मिश्रा ने पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किया। यह सम्मान न केवल खिलाड़ी बल्कि पूरे जिले और सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता के पीछे सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ की सुदृढ़ प्रशिक्षण प्रणाली और निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह मार्गदर्शन में गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास करते हैं। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ से विश्वविद्यालय के टीम में प्रज्ञा मिश्रा, रिविका लकड़ा, रिमझिम, साक्षी, प्रिया जयसवाल, सुष्मिता, प्रियंका पैकरा,संसिता, रागिनी, प्रीति,नेहा, आकांक्षा शामिल रही। टीम की इस उपलब्धि पर सरगुजा जिला बास्केटबॉल परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस जीत पर संघ के अनिल सिंह मेजर, गौरव सिंह, केपी सिंह, ईजी सोमनाथ सिंह, सौरभ सिन्हा, निशांत सिंह गोल्डी, रजत सिंह, सुनैना जायसवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।



## खबर संक्षेप

### मोतियाबिंद मुक्त भारत के लिए विशेष शिविर

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के अनुसार अटल वयो अभ्युदय योजना के स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटिजन्स के तहत मोतियाबिंद मुक्त भारत कार्यक्रम को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसके तहत जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित हैं, उनके चिन्हांकन के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय निकाय की संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इसी क्रम में शिविर का आयोजन 21 जनवरी को सामुदायिक भवन सोनहत में तथा 22 जनवरी को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में किया जाएगा। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित तिथियों पर शिविर स्थल में उपस्थित होकर जांच एवं लाभ के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप शिक्षा की मुख्य धारा से अलग रह गए असाक्षर व्यक्तियों को मुख्य धारा में लाकर साक्षर बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है।



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार 26 जनवरी को पूरे जिले में उल्लास मेले का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए 26 जनवरी तक नवीन सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करना है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि साक्षरता मेले की तैयारी ग्राम स्तर पर तत्परता से की जाए तथा असाक्षर लोगों का सर्वेक्षण शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो। बैठक के उपरांत जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई। बैठक में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जितेन्द्र गुप्ता, विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत के सीईओ समेत अन्य मौजूद रहे।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर रूपरेखा बनीं



**चरचा कॉलरी।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला चरचा में गत दिवस शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विद्यालय परिवार, पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम उत्साह, सहयोग और सकारात्मक संवाद का प्रतीक बना। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता उनके द्वारा की गई, इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त सदस्य, शिक्षकगण एवं काफी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति के अवसर पर लायंस क्लब ने किया अन्नदान

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा पिछले दिनों मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में नगर के डोंगाघाट मार्ग से लेकर हनुमान मंदिर तक जरूरतमंदों को 50 किलो चांवल का विवरण किया गया। क्लब के इस अन्नदान कार्यक्रम से सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंद लाभान्वित हुए। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि मकर संक्रांति अन्नदान का पर्व कहा जाता है। इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए क्लब द्वारा पर्व के अवसर पर डोंगाघाट मार्ग से लेकर हनुमान मंदिर तक जरूरतमंदों को चांवल का वितरण किया जा रहा है।

### आए दिन होते हैं हादसे, उत्तल दर्पण हो गए क्षतिग्रस्त

# शहर में डेंजर जोन साबित हो रहे तिराहे



क्षतिग्रस्त कान्वेक्स मिरर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल बीता और नया साल 2026 की शुरूआत हो गई, लेकिन सड़क किनारे कुछ खास जगहों पर लगाया गया उत्तल दर्पण जो क्षतिग्रस्त हो गया था, उसे अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया।

सड़क किनारे कुछ जगहों पर लगाए गए सुरक्षा दर्पण सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करता है, बावजूद इसके क्षतिग्रस्त कान्वेक्स मिरर को सुधार कार्य करने की दिशा में गंभीरता पूर्व ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के सिविल लाइन मार्ग पर शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय के सामने टी प्वाइंट पर सुरक्षा के लिहाज से उत्तल दर्पण लगाया गया है जो बीते कई महीनों से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है, लेकिन महीनों बीतने के बाद क्षतिग्रस्त उत्तल दर्पण को सुधार नहीं किया गया। नया साल 2026 की शुरूआत के साथ ही सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हो गया। इस दौरान यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वाहन चालकों का नजर परीक्षण कराया जा रहा है, इसके अलावा स्कूलों में विद्यार्थियों को यातायात का पाठ पढ़ाया जा रहा है, इसके विपरीत सड़क पर सुरक्षात्मक संकेत जो क्षतिग्रस्त हो गया है, उसे सुधार करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### उत्तल दर्पण का खंभा गिरा तो फिर नहीं उठा

बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर ग्राम खरवत में रेल्वे अंडरबीज के नीचे मोड पर उत्तल दर्पण किनारे में लगाया गया था। वाहन की ठोकर से यहां का उत्तल दर्पण का खंभा नीचे गिर गया और दर्पण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। करीब सालभर पहले क्षतिग्रस्त उक्त जगह के उत्तल दर्पण को फिर से सुधारा नहीं जा सका है।

#### तीसरी आंख का करता है काम

जानकारी के अनुसार सड़क किनारे उत्तल दर्पण ऐसे जगह पर लगाया जाता है, जहां पर सड़क का टी प्वाइंट होता है। सड़क किनारे लगाए जाने वाले उत्तल दर्पण दुर्घटनाओं से बचाव करने में वाहन चालकों की मदद करता है। यह दर्पण अंधे मोड़ पर दूसरी तरफ से आने वाली गाड़ी जो नहीं दिखती वहां यह दर्पण दूसरी ओर का नजारा साफ दिखा देता है, जिसकी वजह से इसे तीसरी आंख भी कहा जाता है यह बडे क्षेत्र को शीशे में दिखा देता है।

# कंवर समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख की घोषणा




कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित विधायक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में 18 जनवरी को कंवर समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन देर शाम तक संचालित रहा। सम्मेलन के प्रथम दिन बेरोजगार युवाओं के लिए शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

द्वितीय दिवस आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समाजजन के उत्साह को देखते हुए विधायक श्री राजवाड़े ने मांग पत्र के अनुरूप छग शासन से समाज भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए दिलाने की घोषणा की, जिससे उपस्थित लोगों में हर्ष व्याप्त हो गया।

- सम्मेलन में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक भईयालाल

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने युवाओं से शिक्षा के साथ स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने भी समाज को संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ समारोह को जीवंत बनाया गया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज अध्यक्ष मनियार सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन चंद्रिका प्रसाद पैकरा, दीवान सिंह एवं राकेश पैकरा ने किया। सम्मेलन में जिला सचिव अशोक कुमार पैकरा सहित सूरजपुर जिले से आए प्रतिनिधि एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।



# रोवर-रेंजर जम्बूरी में कोरिया जिले को मिली स्थायी भागीदारी

**चरचा कॉलरी।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित प्रथम राष्टीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में छग के कोरिया जिले को स्थायी सहभागिता का गौरव प्राप्त हुआ है।

दल में हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा के स्काउटर शिक्षक राजा राम देवांगन, गाइडर शिक्षक निशांत आरा, स्काउट-गाइड आरए अंशु, आर्यन शास्त्री, दुर्गेश राजवाड़े एवं संजीव गुप्ता शामिल रहे। प्रथम राष्टीय रोवर-रेंजर जम्बूरी का आयोजन ग्राम दूधली, जिला बालोद में 9 से 13 जनवरी तक किया गया। यह आयोजन राष्टीय जम्बूरी नई दिल्ली के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसमें देशभर से हजारों रोवर-रेंजर, स्काउट-गाइड एवं स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कोरिया जिले से चयनित दल में 27 रोवर, 42 रेंजर सहित स्काउट-गाइड प्रशिक्षक एवं अधिकारी सम्मिलित रहे। प्रतिभागियों ने अनुशासन, सेवा भावना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिदिन आयोजित क्विज प्रतियोगिता में हिन्द विद्यालय चरचा की गाइड आरए अंशु को विशेष बैज प्रदान किए गए। उन्हें स्कार्फ, वोगल एवं कैंप ड्रेस पहनाकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में हिन्द विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, रमेश सिंह, विद्यालय प्राचार्य शशि भूषण राय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। चारों स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### आजीविका ऋण मेले में 9 करोड़ से अधिक का लोन स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन ग्राम पंचायत कपिस्दा में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों और युवाओं, ग्रामीणों स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित किया गया। आजीविका ऋण मेला में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 311 ऋण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनके माध्यम से 9 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई है। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत आयोजित आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों एवं पात्र हितग्राहियों को बैंक ऋण से जोड़ते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कुल 311 प्रकरणों को स्वीकृत करते हुए 9 करोड़ 73 लाख 94 हजार रुपये की ऋण राशि प्रदान की गई।

# विद्यार्थी जीवन ही राष्ट्र की उन्नति का श्रेष्ठ मार्ग: सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरिया जिले के द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर निकाला गया। इसमें कोरिया जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं कोरिया जिले के अलग-अलग विद्यालयों के 800 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

- प्रदेश मंत्री सोनी का जोशीला स्वागत

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी निमित्त जिला कोरिया द्वारा एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन कर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार वैद्य, मुख्य वक्ता कोरिया विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी, प्रदेश मंत्री अनंत सोनी, कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव, नगर सह मंत्री संगीता सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता नागेश नाथ योगी ने समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को बताया एवं देश हित में युवाओं के योगदान को बताया। प्रदेश मंत्री श्री सोनी ने कहा कि कैसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निरंतर स्वामी जी जैसे महापुरुषों की स्मरण करती है और इनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार वैद्य ने भी समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को स्वामी जी के आदर्शों एवं पद चिन्हों पर चलना चाहिए। मंच संचालन विशाल यादव ने किया और अंत में आभार नगर सह मंत्री संगीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक प्रदीप, जिला संयोजक बलवीर पुषाम, कोरिया जिला विद्यार्थी विस्तारक यादव केशव राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजेन्द्र मिश्रा, लोकनाथ, विजय राजवाड़े, महेश, कौशिक, सरिता सिंह, आरती सिंह, राजबली, शुभम सिंह, देव कुमार, एनी काशी, विकास, रूस्तम, सीमा, आंचल सिंह, खुशबू आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश मंत्री अनंत सोनी।



निकला तिरंगा यात्रा।

# रातभर अभियान चलाकर पुलिस ने एक साथ 56 वारंटियों को पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त और विशेष दबिश अभियान चलाकर 56 फरार वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान 34 गिरफ्तारी वारंटी एवं 22 स्थाई वारंटी पकड़े गए। वहीं थाना चांपा क्षेत्र में डकैती के एक मामले में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को भी पुलिस ने धर दबोच लिया, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के तहत थाना जांजगीर से 12 गिरफ्तारी वारंटी व 2 स्थाई वारंटी, चौकी नैला से 2 गिरफ्तारी वारंटी, थाना बलौदा से 1 गिरफ्तारी व 4 स्थाई वारंटी, थाना अकलतरा से 3 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी, थाना मुलमुला से 1 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी, थाना पामगढ़ से 3 स्थाई वारंटी, थाना नवागढ़ से 6 गिरफ्तारी वारंटी, थाना शिवरीनारायण से 3 गिरफ्तारी व 5 स्थाई वारंटी, थाना चांपा से 3 गिरफ्तारी व 4 स्थाई वारंटी, थाना बम्हनीडीह से 1 स्थाई वारंटी, थाना बिर्रा से 1 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी तथा कोटमीसोनार से 2 गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। रातभर चले इस विशेष अभियान में जिले के सभी संबंधित थाना प्रभारियों, अनुविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस बल ने पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ कार्य किया।

# हाई स्कूल मैदान में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता

**मनेन्द्रगढ़।** महिला समता मंच द्वारा हाई स्कूल मैदान में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की गणमान्य महिला जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यादव रहीं। विशिष्ट अतिथियों में भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, समाज सेविका श्रीमती अनिता फरमानिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा पटवा, श्रीमती जया कर, महिला समता मंच की संरक्षिका श्रीमती इंदिरा सेगर, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के चेयरमेन संजय सेंगर, ब्लॉसम एकेडमी स्कूल के चेयरमेन जसपाल कालरा तथा वरिष्ठ नागरिक प्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे। महिला समता मंच की अध्यक्ष श्रीमती रीता सेन के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता विगत 14 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती वीरांगना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें प्रथम स्थान तौकीक अंसारी, द्वितीय स्थान अलतम एवं तृतीय स्थान अरजीत अग्रवाल ने प्राप्त किया।

### रोजगार मेला प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल


**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 21 जनवरी को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लालपुर, मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी के परिसर में आयोजित होगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने विकास कार्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नववर्ष मिलन समारोह और पत्रकार संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल पत्रकार नहीं बल्कि लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ और हमारे मतदाता भी हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में कार्यों की गति तेज की गई है और गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 10 से बढ़ाकर 15 कर दी गई है। फिजियोथेरेपी सेवाओं का विस्तार हुआ है तथा मानसिक अस्पतालों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। नर्सिंग कॉलेज को मेडिकल कॉलेज परिसर में ही स्थापित किया जायेगा और चिरमिरी में नर्सिंग आईआईटी पैटर्न पर विकसित होगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रारंभ हो चुका है। रेलवे एवं सड़क कनेक्टिविटी पर बोलते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि रेलवे से जुड़े कार्यों पर 241 करोड़ को 500 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।



पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिरमिरी-बिलासपुर रेल मार्ग को रायपुर तक विस्तार करने के प्रयास किये जा रहे हैं। सड़क अधोसंरचना के अंतर्गत 350 करोड़ रुपयों की लागत से 100 से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हसदेव नदी पर प्रदेश का सबसे ऊंचा मेरो-उधनापुर पुल, पाराडोल पुल तथा खड़गवां को जोड़ने वाली सड़क निर्माणाधीन है।

चिरमिरी-खड़गवां शॉर्टकट रोड का चौड़ीकरण कार्य भी जारी है। जल संसाधन विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि चिरमिरी में 185 करोड़ रूपए की जलापूर्ति योजना की एनओसी प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की पुरानी नहरों में वर्षों बाद पानी पहुंचना शुरू हुआ है। केवई नदी परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित डैम से भविष्य में लगभग 6000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और पूरा विधानसभा क्षेत्र लाभान्वित होगा।

कोयला खदानों को लेकर उठे सवालों पर मंत्री ने कहा कि किसी प्रकार के भ्रम में ना रहे, जहां सुरक्षा और नियमों के अनुसार संभव होगा, वहां खदानें चालू रखी जाएगी। अंजनहिल माइंस इसका उदाहरण है जो 12-15 वर्षों बाद पुनः शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल चिरमिरी में जल्द ही अंतरराष्टीय ब्रांड की डायलिसिस सेवा शुरू की जाएगी तथा मेडिकल कॉलेज में एमआरआई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आरटीओ कार्यालय बंद होने के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से अनुरोध करेंगे कि राजस्व सृजन करने वाले सभी आवश्यक सेटअप पूर्ण रूप से संचालित हों।

### परिवहन विभाग ने अगली बार लाइसेंस निरस्तीकरण की दी चेतावनी

# स्कूली वाहनों की जांच: 51 वाहन पर 29 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग द्वारा सोमवार को विशेष स्कूल वैन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चरचा, सोनहत एवं बैकुंठपुर क्षेत्र में संचालित कुल 110 स्कूल वैनों की जांच की गई।

जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 51 स्कूल वैनों पर कुल 28,500 रूपए का चालान किया गया। प्रमुख रूप से बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बरतने पर लाइसेंस निरस्तीकरण सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। श्री भगत ने स्कूल प्रबंधन से भी अपील की कि वे अपने अधीन संचालित वाहनों एवं चालकों को स्पष्ट निर्देश दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी नियमों का पालन हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में संबंधितों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन विभाग ने बताया कि आगे भी इस तरह के चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



सोमवार को विशेष स्कूल वैन चेकिंग अभियान के दौरान खड़ी वाहनें।

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केंद्र सलका अघिना में भौतिक सत्यापन करने पहुंची टीम

**सलका अघिना।** कलेक्टर ने अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में सतत निगरानी रखने तथा शासन की निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि धान खरीदी की अवधि समाप्त होने में अब कुछ दिन शेष हैं। ऐसे में छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों का टोकन कट गया है या धान विक्रय नहीं किया है ऐसे खातों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धान खरीद केंद्र सलका अघिना में राजस्व विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खरीदी केंद्र में भौतिक सत्यापन किया। टीम ने समितियों में स्टॉक रजिस्टर और स्टॉक की गहन जांच की। जांच की कार्रवाई शाम तक जारी रहा। अब जांच के बाद वस्तु स्थिति का आकलन हो सकेगा कि समिति में संग्रहित धन अपने स्टॉक के अनुरूप है या नहीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार शिवनारायण राठिया, नायब तहसीलदार नीलिमा लकड़ा, खाद्य विभाग से अतुल गुप्ता, राजस्व निरीक्षक धनसाय नागेश, हल्का पटवारी राजीव लोचन, प्रकाश सिंह, सुशील, अरुण खेस, ओम नारायण, सुषमा सिंह, शारदा नाग, अर्चना निरंकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विद्यालय में हुआ सेमिनार



**अम्बिकापुर।** माउंट लिट्रा स्कूल संजय नगर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर जीवन अनमोल है संदेश पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, बढ़ते मानसिक तनाव, के कारणों, लक्षणों तथा समाधान के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए जिसमे ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, रविन्द्र गुप्ता, श्रीमती सुनीता भारद्वाज, श्रीमती रश्मित कौर, श्रीमती नूतन विश्वास, श्रीमती शिल्पा पांडेय शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न वास्तविक मामलों पर चर्चा करते हुए संदेश दिया कि समय पर समझ और सहयोग से कई जीवन बचाए जा सकते हैं। सेमिनार के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न वास्तविक मामलों पर चर्चा की गई। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे ध्यान और उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रश्नोत्तर सत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी ने विषय के प्रति उनकी गंभीर रुचि को दर्शाया।

### कौशल्या देवी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज कल से

**अम्बिकापुर।** चलेंजर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में स्वर्गीय कौशल्या देवी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 21 जनवरी से 12 बजे स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर होगा। उद्घाटन समारोह में पत्रकार 11 बनाम नागरिक 11 के बीच शो मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। विजेता को 1 लाख 11 हजार 111 रुपये तथा उपविजेता को 55 हजार 555 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर व मैन ऑफ द टूर्नामेंट सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि टूर्नामेंट लीग व नॉकआउट फॉर्मेट में होगा।

### प्रशासन की संयुक्त टीम ने जगतपुर स्थित गुड़ फैक्ट्री को किया सील

# अवैध गुड़ फैक्ट्री को लेकर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले में कई गुड़ उद्योग कानून को दरकिनार कर खुलेआम संचालित हो रहे हैं। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों की वैधता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सीमावर्ती क्षेत्र में लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जगतपुर स्थित एक अवैध गुड़ फैक्ट्री को सील किया गया। प्रशासनिक टीम के दबिश के बाद अवैध गुड़ उद्योग चलाने वालों में हड़कंप मच गया।

**खास बात**

- कार्रवाई से अवैध गुड़ उद्योग संचालकों में मचा हड़कंप

क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योग फैक्टरी के संचालन की शिकायतों के बाद अब प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जगतपुर स्थित एक अवैध गुड़ फैक्ट्री को सील किया गया। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर जहां आमजन और किसानों में उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि माह दिसंबर में कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा आदेश जारी कर जिले के सभी गुड़ उद्योग संचालकों से निर्धारित प्रारूप में जानकारी मांगी गई थी। बावजूद इसके कई उद्योग संचालकों ने न तो समय पर जानकारी दी और न ही वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद भी इन उद्योगों का संचालन निर्बाध रूप से जारी रहा। प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करते हुए कुछ उद्योग संचालकों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि वे जिला प्रशासन के निर्देशों को भी नजरअंदाज कर गुड फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर गत दिन प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जगतपुर स्थित एक अवैध गुड़ फैक्ट्री का निरीक्षण किया तथा दस्तावेज की मांग की लेकिन किसी प्रकार के वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने से गुड फैक्ट्री को सील किया गया। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग, श्रम विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा मंडी विभाग के अधिकारी शामिल रहे।



अवैध गुड़ फैक्ट्री का निरीक्षण करते अधिकारी।

### किसानों ने की कार्रवाई की मांग

जिले में कई गुड़ उद्योग बिना वैध दस्तावेजों के रात के अंधेरे में किसानों से गन्ना उठाकर संचालन कर रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन केवल एक-दो उद्योगों पर नहीं, बल्कि सभी अवैध गुड़ उद्योगों पर एक समान, सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई करे जिससे अवैध गुड फैक्ट्री संचालन पर अंकुश लगाया जा सके।

#### पहुंचा रहे दोहरा नुकसान

सूत्रों के अनुसार जिले में कुछ ऐसे गुड़ उद्योग संचालक भी सक्रिय हैं जो बिना किसी वैध अनुमति के उद्योग संचालन के साथ-साथ अन्य राज्यों में गन्ने की अवैध आपूर्ति कर रहे हैं। इससे एक ओर स्थानीय किसानों को नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर शासन को राजस्व क्षति भी उठानी पड़ रही है। जगतपुर में हुई सीलिंग कार्रवाई को लेकर यह चर्चा तेज है कि क्या यह पारदर्शिता की मिसाल बनेगी या फिर सीमित कार्रवाई तक सिमट कर रह जाएगी।

#### लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

कार्रवाई के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि कई गुड़ उद्योग रिहायशी इलाकों के बीच धुआं उगल रहे हैं। बीच बस्ती में धुआं उगलते गुड़ उद्योग से आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार गुड़ निर्माण में ईंधन के रूप में पुराने प्लास्टिक और पीपी बैग जलाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। विशेषज्ञों के मुताबिक प्लास्टिक के जलने से निकलने वाली विषैली गैस से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकती हैं।



## श्रमिक संगठन की क्रमिक भूख हड़ताल अब भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर एवं कुमदा कोल खदानों को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर एचएमएस श्रमिक संगठन द्वारा किया जा रहा क्रमिक भूख हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी रहा,क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के सामने चल रहे इस चौथे दिन की भूख हड़ताल में लखनलाल कुर्रे, विजय कुमार, सुल्तान खान, महेश राम एवं सुजीत कुमार क्रमिक उपवास पर बैठे रहे,आंदोलन स्थल पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार मौजूद रहकर श्रमिकों का मनोबल बढ़ा रहे हैं,एचएमएस संगठन का कहना है कि बलरामपुर खदान में लगभग 30 लाख टन कोयला भण्डार मौजूद होने के बावजूद खदान को बंद रखना अतार्किक और क्षेत्रहित के खिलाफ है,संगठन का आरोप है कि प्रबंधन की इस नीति से न केवल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा,बल्कि बिश्रामपुर क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ कमजोर हो जाएगी,खदान बंद होने की स्थिति में श्रमिकों की आजीविका पर संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है,साथ ही क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ेगी,स्थानीय व्यापार प्रभावित होगा और श्रमिकों को मजबूरी में अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे पारिवारिक व सामाजिक समस्याएं भी खड़ी होंगी,क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामाशीष पाल,महामंत्री देवेंद्र मिश्रा के साथ नरेंद्र सिंह चौहान,परमजीत सिंह,प्रेमचंद्र सिंह, अरविंद सिंह,सूर्य बली,सुदर्शन,विवेक यादव,विजय कुमार, रमेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं,एचएमएस नेतृत्व का कहना है कि यदि प्रबंधन ने शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन की गति को और तेज किया जाएगा।

## एसईसीएल सुरक्षा पखवाड़ा में बिश्रामपुर क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि, विभिन्न श्रेणियों में हासिल किए 20 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



कोयला खदानों में सुरक्षा,सतर्कता और बेहतर कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोल मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 16 दिसंबर तक आयोजित सुरक्षा पखवाड़ा बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुई है,बिश्रामपुर क्षेत्र ने अलग–अलग श्रेणियों में कुल 20 पुरस्कार अपने नाम किए,जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है,सुरक्षा पखवाड़े के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और मूल्यांकन में केतकी खदान ने अपने ग्रुप में ओवरऑल विजेता का खिताब हासिल किया है।

हासिल हुए प्रमुख उपलब्धियों में रेहर भूमिगत खदान को प्रथम पुरस्कार जनरल सेफ्टी कॉन्शसनेस एंड सेफ्टी परफॉर्मेंस,द्वितीय पुरस्कार सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान,गायत्री भूमिगत खदान को प्रथम पुरस्कार हाउसकीपिंग एवं पब्लिसिटी एंड प्रोपेगेंडा,प्रथम पुरस्कार विस्फोटक के भंडारण,परिवहन एवं उपयोग,द्वितीय पुरस्कार स्ट्राटा कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम,केतकी ओपन कास्ट माइंस को प्रथम पुरस्कार ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम,द्वितीय पुरस्कार फेस मशीनरी,यूजी सबस्टेशन एवं मेंटेनेंस,ओवरऑल विजेता अपने ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आमगांव ओपन कास्ट माइंस द्वितीय पुरस्कार डस्ट सप्रेशन एंड ट्रीटमेंट,अमेरा ओपन कास्ट माइंस को द्वितीय पुरस्कार सर्वे,सुरक्षा संस्कृति के नाम शामिल हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त भागीदारी ने सुरक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया है,सुरक्षा पखवाड़े में मिली इस सफलता से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./63/अ-2/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामनरेश गुप्ता आ. श्री छेदी साव, जाति तेली, निवासी ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 542/1 रकबा 0.081 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/01/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सीतापुर जिला-सरगुजा**

**छ.ग.स्टेट पॉवर डिस्ट्री.कं. लिमि.अंबिकापुर**
**(छ.रा.वि.मं., की उत्तरदायी कम्पनी)**

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को आवश्यक सुधार एवं रखरखाव हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र | दिनांक | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.01.26 | प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | 11 के.व्ही. महामाया फीडर | रसूलपुर, मोमीनपुरा, सरदर रोड, महामाया रोड इत्यादी। |
| | | | 11 के.व्ही. तकिया फीडर | मायापुर, चाँदनी चौक, जरहा गढ़, घुटरापारा एवं आसपास का क्षेत्र। |
| | | | 11 के.व्ही. बस स्टेण्ड फीडर | राजधानी पेट्रोल पंप, मिन्तनगर, नूरानी मजिद एव आस पास का क्षेत्र। |
| | | | 11 के.व्ही. शिकारी रोड फीडर | लरंगसाय चौक, पुलिस लाईन, गौरी मंदिर, बौरीपारा, कम्पनी बाजार, थाना चौक, महिला मंडल इत्यादि। |

नोट– आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

–स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ–
–विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है–
–असुविधा से बचने के लिए समय पर– विद्युत बिल का भुगतान करे।

**कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.क.लि., अंबिकापुर**

## जनपद सदस्य ने दिव्यांग दंपती को वितरण किया कंबल व ट्राइसिकल



**सोनगरा।** कड़ाके की ठंड के बीच जनपद सदस्य दिल भरन राम ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ग्राम बगड़ा निवासी दिव्यांग दंपति की सहायता की। नेत्र से दिव्यांग रूदानी बाई, पत्नी संत राम पंडो को ठंड से बचाव हेतु कंबल प्रदान किया गया, जिससे उन्हें राहत मिली। कुछ दिन पूर्व पैर से दिव्यांग संत राम पंडो को जिला कार्यालय से ट्राइसिकल लाकर प्रदान की गई। इस सहयोग से संत राम की दैनिक जीवन की कठिनाइयों में कमी आई और आत्मनिर्भरता की दिशा में उन्हें नया सहारा मिला। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिल भरन राम का उद्देश्य हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना रहा है। उनका यह सेवा कार्य न केवल जरूरतमंदों के लिए राहतकारी है।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / 1789/वाचक-2/2025 सूरजपुर दिनांक 19/01/2026

**// सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम डुमरिया प.ह.नं.....तहसील सूरजपुर जिला- सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतरा पिता स्व. आलसाय जाति पनिका निवासी ग्राम डुमरिया पोस्ट सूरजपुर थाना सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. आलसाय पिता स्व. बहोल साय मृत्यु तिथि 10/2/2001 स्थान डुमरिया के मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 2/02/2026 दिन.... को उपस्थित होकर दावा /आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
उप तह. मानी, तहसील सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंखलाल यादव आ. सुखईराम निवासी ग्राम तरगवां तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम हर्राटिकरा स्थित खसरा नंबर 478/7 रकबा 0.021 हे. भूमि को अनावेदक नागेन्द्र कुमार राजवाडे आ.रामगोपाल राजवाड़े व अन्य निवासी ग्राम चिरगुडा तहसील बैकुण्ठपुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 10,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11.02.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
अम्बिकापुर, सरगुजा

**तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)**
**माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल**
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon) — जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS — हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.वामले — MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO — कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता — किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी — मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) — दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

**सरगुजा मार्केट**

**डॉ. तुषार जैन**
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
**डॉ.दीपक अग्रवाल** (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 18 जनवरी 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
**निशांत मेडिकोज**
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
**डॉ.अमित मुखर्जी**
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 25 जनवरी 2026, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क **विद्या डायग्नोस्टिक** एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
**डॉ.आशु जैन**
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 फरवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
**वारसी शिफा**
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
**डॉ.रौनक कलवानी**
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
**डॉ.विकास अग्रवाल**
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 24 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
**डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल**
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

**गुप्त रोग**
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - **विश्वास औषधालय**
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**TOP IN SURGUJA**

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
**डॉ.प्रज्ञा ओझा**
MBBS, DGO (OBS & GYN)
**गायत्री हॉस्पिटल**
MULTISPECIALTY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

**DR. ABHIMANYU'S**
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**



## विजय पैकरा के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**शंकरगढ़।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किए जाने पर विजय पैकरा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंहदेव ने कहा कि विजय पैकरा एक अनुभवी, जमीनी और संगठन के प्रति समर्पित नेता हैं। संगठन ने उन पर पुनः विश्वास जताया है, जो पूरी तरह उचित है। उनके नेतृत्व में शंकरगढ़ ब्लॉक में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी। सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा ने कहा कि प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम के दौरान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट के साथ संगठन हित में कार्य करने और कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प लिया। सम्मान समारोह में अरुण गुप्ता, उम्मत रसूल, विवेक सिंहदेव, सत्यनारायण अग्रवाल, सीमु अग्रवाल, राजीव तिर्की, विनीता तिर्की, वंदना मिंज, मरियम तिर्की, राम शरण, हृदयानंद यादव, रामसुंदर, कृष्णा नाग, लेदू लकड़ा, अज्जू गुप्ता, शमीम, सरवर, मुकेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

# फेस केवाईसी लागू नहीं होने से हितग्राही हो रहे योजनाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कलेक्टर को वस्तुस्थिति से कराया अवगत

नगर निगम क्षेत्र में केवाईसी-ई-केवाईसी की विफलता, फेस केवाईसी लागू न होने, राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं एवं महतारी वंदन योजना से पात्र महिलाओं को वंचित किए जाने के विरोध में नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्टर अजीत वसंत को ज्ञापन सौंपा।



कलेक्टर से चर्चा करते ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहम व अन्य।

कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में हजारों गरीब और पात्र परिवारों का राशन केवल फिंगर केवाईसी के नाम पर रोका जा रहा है। बुजुर्गों की घिस चुकी उंगलियां, मेहनतकश श्रमिकों के खराब हाथ तथा महिलाओं के अंगूठों की पहचान मशीन द्वारा न हो पाने के कारण उन्हें पिछले दो महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा है। इससे सैकड़ों परिवार भूख, कुपोषण और उधार के सहारे जीवन जीने को मजबूर हैं। कांग्रेस पार्षदों ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 5 वर्ष से कम आयु के मासूम बच्चों के नाम आधार कार्ड न होने के कारण राशन कार्ड से काट दिए गए हैं, जो बाल अधिकारों का खुला उल्लंघन है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद फेस केवाईसी की सुविधा आज तक प्रारंभ नहीं की गई, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर निगम क्षेत्र के अनेक वार्डों में लगभग 3 प्रतिशत राशन कार्ड बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिए गए हैं। वहीं राशन दुकानों का संचालन भी अनियमित है।कभी दुकान बंद रहती है तो कभी मशीन खराब होने का बहाना बनाया जाता है। यह स्थिति खाद्य सुरक्षा अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि पिछले छह महीनों से राशन में चना वितरण पूरी तरह बंद रहा। इस माह जब वितरण शुरू किया गया तो केवल एक माह का चना दिया गया, जबकि शेष महीनों का बकाया अब भी रोका गया है। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी के अभाव में हजारों महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि से वंचित कर दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। कांग्रेस पार्षदों ने तत्काल फेस केवाईसी की सुविधा शुरू करने, बिना सूचना बंद किए गए राशन कार्डों को पुनः चालू करने, बकाया चना का पूर्ण वितरण कराने, सभी राशन दुकानों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को शीघ्र लाभ देने की मांग की। कलेक्टर अजीत वसंत ने पूरे मामले की जांच कर सार्थक एवं शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। कांग्रेस पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो वे हितग्राहियों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान शंकर प्रजापति, पापिन्दर सिंह, हसन खान, बाबर इदरीसी, धर्मेंद्र ताम्रकार, मेराज रंगरेज (गुड्डू), विनोद एक्का, अख्तर फिरदौसी (चम्मा), लुकस एक्का, शुभम जायसवाल, मेघा खांडेकर मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों को सिखाए कानून के पाठ, साइबर अपराध और पॉक्सो एक्ट पर हुई विस्तृत चर्चा

**सूरजपुर।** अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक वृहद कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद प्रकाश वारियाल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय ने की। उन्होंने छात्रों को सरल भाषा में कानून की बारीकियों से अवगत कराया। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाना न केवल अपहरण है, बल्कि पॉक्सो एक्ट के तहत गंभीर अपराध भी है। उन्होंने जोर दिया कि कानून की जानकारी न होना बचाव का आधार नहीं हो सकता। बाल विवाह और करियरः विवाह की कानूनी उम्र पर चर्चा करते हुए उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे पहले अपने करियर पर ध्यान दें, क्योंकि विवाह के बाद जिम्मेदारियों के बीच करियर बनाना चुनौतीपूर्ण होता है। सोशल मीडिया पर बिना अनुमति फोटो/वीडियो शेयर करने या उनसे छेड़छाड़ करने को गंभीर अपराध बताया। साथ ही किराए पर बैंक खाते देकर ठगी करने वाले गिरोहों से सतर्क रहने की चेतावनी दी। कार्यक्रम में मोटर व्हीकल एक्ट और यातायात नियमों के पालन पर भी जोर दिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई प्रथम बैठक

**भैयाथान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक सोमवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने और बूथ–बूथ तक कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

- संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने लिया संकल्प

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विद्यात्री सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसकी एकजुटता में है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, जनसमस्याओं के साथ खड़े रहने और संगठन को मजबूती देने की दिशा में निरंतर कार्य करने की बात कही। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम है। उन्होंने संगठन में सभी को समान महत्व देने और समन्वय के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह देव ने संगठन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि कुशल नेतृत्व व सामूहिक प्रयास से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक में अन्य पदाधिकारियों और



कार्यकर्ताओं ने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे और कांग्रेस को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में अजय प्रताप सिंह, नूर आलम, संतोष सारथी, इंद्रावती राजवाड़े, राधा देवी, दुर्गा सारथी, शांतनु सिंह, आशीष प्रताप सिंह, राहुल सिंह, दिलीप जायसवाल, विनय पावले, अतुल पाटिल, उपेन्द्र सिंह, विष्णु गुप्ता, अमर सिंह, मनोहर रजवाड़े, रजमोहन राजवाड़े सहित बड01 संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत पड़ीपा एवं मसगा में मनरेगा बचाओ संग्राम को मिला जनसमर्थन

**प्रतापपुर।** मनरेगा योजना को बचाने और ग्रामीणों के रोजगार अधिकारों की रक्षा के लिए विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़ीपा एवं मसगा में मनरेगा बचाओ संग्राम का आयोजन किया गया। इस जन आंदोलन में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर, ग्रामीण एवं कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए योजना को पूरी मजबूती से लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह कोराम ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों के जीवन की रीढ़ है। यदि मनरेगा को कमजोर किया गया तो गांवों में बेरोजगारी, पलायन और भुखमरी बढ़ेगी। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि मनरेगा के तहत समय पर काम और मजदूरी मिलना मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को चाहिए कि वह राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि मनरेगा मजदूर अब जागरूक हो चुके हैं और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से एकजुट रहने की बात कही। कार्यक्रम को शिवकुमार जायसवाल, गोल्डी खान, पड़ीपा सरपंच राम प्रताप सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर और ग्रामीण उपस्थित रहे।



